भारत सरकार
वस्त्र मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2307

25 अप्रैल, 2012 को उत्तर दिए जाने के लिए

**हैंक यार्न दायित्व को समाप्त किया जाना**

**2307. श्री प्रकाश जावेडकर** :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हैंक यार्न दायित्व को समाप्त करने पर विचार कर रही है;

(ख) किन-किन संगठनों, व्यक्तियों ने हैंक यार्न दायित्व को समाप्त करने की सिफारिश की है ;

(ग) हैंक यार्न दायित्व को जारी रखने के लाभ क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार या अन्य की ओर से हैंक यार्न दायित्व का कोई वैकल्पिक सुझाव आया है ?

**उत्तर**

**वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती पनबाका लक्ष्मी )**

(क) जी नहीं ।

(ख) हैंक यार्न की बाध्यता में कटौती के लिए महाराष्ट्र सरकार से तथा विभिन्न कताई मिलों के प्रतिनिधियों से अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं ।

(ग) हथकरघा बुनकरों के लिए मुख्य कच्ची सामग्री हैंक यार्न है जिसमें हथकरघा वस्त्र उत्पादन की लागत करीब 40% से 50% तक होती है । हैंक यार्न बाध्यता ऐसा तंत्र है जो हथकरघा बुनकरों को उचित कीमतों पर हैंक यार्न की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करता है ।

(घ) जी नहीं।

*****